VSA
A Real English Medium School
Little Steps'
Pre Primary wing of VSA

VIDYA SHREE ACADEMY
SR. SEC. SCHOOL
An English Medium Co.Ed. School | Science & Commerce
W : www.vsajaipur.com | E : vsajaipur@gmail.com M. : +91 9460356652, 8058999828
Add. : 84, Krishna Vihar, Behind Narayan Niwas, Gopalpura Bypass, Jaipur - 302015
/vsajaipur | /vsajaipur | /vidyashreeacademy | /vsa_jaipur

Subject-Hindi Class 12 Topic- अपठित पद्यांश

प्र.१ निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नो के उत्तर दीजिए।

(1) मनमोहिनी प्रकृति की जो गोद में बसा है,
सुख स्वर्ग-सा जहाँ है, वह देश कौन-सा है?
जिसको चरण निरन्तर रत्नेश धो रहा है,
जिसका मुकुट हिमालय, वह देश कौन-सा है ?
नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही हैं,
सींचा हुआ सलोना, वह देश कौन-सा है ?
जिसके बड़े रसीले, फल, कन्द, नाज, मेवे,
सब अंग में सजे हैं, वह देश कौन-सा है ?
जिसमे सुगन्ध वाले, सुन्दर प्रसून प्यारे,
दिन-रात हँस रहे हैं, वह देश कौन-सा है ?
मैदान, गिरि, वनों में हरियालियाँ लहकती,
आनन्दमय जहाँ है, वह देश कौन-सा है ?
जिसकी अनन्त धन से, धरती भरी पड़ी है,
संसार का शिरोमणि, वह देश कौन-सा है?

Scanned with CamScanner

प्रश्न 1.

(क) भारत का मुकुट किसे कहा गया है ?

(ख) कवि ने भारतवर्ष की कौन-सी विशेषताएँ बतायी हैं ?

(ग) "सींचा हुआ सलोना' से क्या तात्पर्य है ?

(घ) भारत देश को संसार का शिरोमणि क्यों कहा गया है ?

Scanned with CamScanner

उत्तर:

(क), भारत का मुकुट हिमालय को कहा गया है।

(ख) कवि ने बताया है कि भारतवर्ष प्रकृति की गोद में बसा हुआ सुख–स्वर्ग है। इसके चरणों को सागर धोता है, मुकुट हिमालय है, नदियाँ अमृत-रस से इसे सींच रही हैं। आनंद की सृष्टि करने वाली यह धरा है, जो संसार का शिरोमणि है।

(ग) "सींचा हुआ सलोना' से यहाँ आशय है कि नदियों की अमृत धारा से यहाँ की प्राकृतिक मोहक छटा सिंचित है। इससे भारत-भूमि हरी-भरी है।

(घ) भारत देश के पास प्राकृतिक सौंदर्य और अपूर्व खनिज-संपदा पड़ी है, अत: यह संसार का शिरोमणि है।

Scanned with CamScanner